**प्रेस विज्ञप्ति**

# भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने हेतु ईपीसीएच ने मिलान स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ सहयोग मजबूत किया

**24 अप्रैल 2026, दिल्ली/एनसीआर:** श्री नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच, ने ईपीसीएच के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलान, इटली में भारत के महावाणिज्य दूत श्री लावण्या कुमार से भेंट की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने, विपणन गतिविधियों को बढ़ाने तथा इटली को भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को प्रोत्साहित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इटली को डिजाइन-आधारित एवं उच्च मूल्य उत्पादों के एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देखते हुए, इतालवी खरीदारों एवं आयातकों के बीच भारतीय हस्तशिल्प की पहुंच और दृश्यता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

चर्चा के दौरान श्री नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने कहा कि “विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ निरंतर सहयोग वैश्विक पहुंच को मजबूत करने और व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे संवाद भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत को प्रदर्शित करने तथा निर्यात के नए अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।”

डॉ. खन्ना ने आगे बताया कि “आगामी आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम 2026 के लिए विपणन एवं खरीदार प्रोत्साहन गतिविधियों को और सुदृढ़ करने पर आपसी सहमति बनी है। इन प्रयासों का उद्देश्य भारत को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तनिर्मित उत्पादों के लिए एक पसंदीदा सोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना तथा विशेष रूप से इटली और यूरोप क्षेत्र से अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित करना है।”

श्री लावण्या कुमार, महावाणिज्य दूत, भारत, मिलान ने प्रचार गतिविधियों को सुगम बनाने तथा भारतीय निर्यातकों और इतालवी खरीदारों के बीच संपर्क मजबूत करने में वाणिज्य दूतावास की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है, जो लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को एक ब्रांड के तौर पर पहचान देने का काम करती है। ये कारीगर देश के अलग-अलग क्लस्टर्स में होम, लाइफस्टाइल, फर्नीचर, फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज जैसे उत्पाद बनाते हैं. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि साल 2024-25 में भारत से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।

---

## विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच +91-9810423612

EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद Connecting. Empowering. Transforming. | EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

# PRESS RELEASE

# EPCH Strengthens Engagement with Consulate General of India, Milan to Boost Handicrafts Exports

**24th April 2026, Delhi/NCR**: Shri Neeraj Khanna, Chairman, EPCH, along with senior officials of EPCH, met Shri Lavanya Kumar, Consul General of India in Milan at Milan, Italy. During the meeting, officials held detailed discussions on strengthening bilateral cooperation with a focus on enhancing marketing initiatives and promoting exports of Indian handicrafts to Italy. Recognizing Italy as an important market for design-led and high-value products, emphasis was laid on expanding outreach efforts and increasing visibility of Indian handicrafts among Italian buyers and importers.

Speaking during discussion held, Shri Neeraj Khanna, Chairman, EPCH, said that “highlighted the importance of continued collaboration with Indian missions abroad in strengthening global outreach and building stronger trade linkages. He emphasized that such engagements play a crucial role in showcasing India’s rich handicraft heritage and expanding export opportunities”.

Dr. Khanna further shared that “it was mutually agreed to intensify marketing and buyer promotion activities for the upcoming IHGF Delhi Fair Autumn 2026. These efforts aim to position India as a preferred sourcing destination for high-quality, handcrafted products and to attract a larger number of international buyers, particularly from Italy and the European region.”

Shri Lavanya Kumar, Consul General of India, Milan, assured full support of the Consulate in facilitating promotional activities and strengthening connections between Indian exporters and Italian buyers.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million), as informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Shri Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91-9810423612

Encl: Hindi & English with photos






**Photo 1 & 2:** Shri Neeraj Khanna, Chairman, EPCH along with senior officials of EPCH, met Shri Lavanya Kumar, Consul General of India in Milan at Milan, Italy.